# एआई से लगाई थी ईरान की सुरक्षा में सेंध

## इजराइल ने सालों की निगरानी के बाद किया ऑपरेशन, सालों से चल रही थी निगरानी



▶ ट्रैफिक कैमरों से की गई थी हैकिंग

**तेल अवीव/तेहरान, 03 मार्च. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की इजराइली हवाई हमले में मौत के मामले में कई खुलासे सामने आ रहें है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रैफिक कैमरों से हैकिंग की गई. एआई ने सुरक्षा में सेंध लगाया. उनके कार्यालय पर लगभग 30 मिसाइलें दागी गईं, जहां वे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। हमले में उनके साथ कई अफसरों के मारे जाने की भी बात कही जा रही है।**

बताया जा रहा है कि इस ऑपरेशन की तैयारी वर्षों से चल रही थी। इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद और सिग्नल इंटेलिजेंस यूनिट यूनिट 8200 ने कथित तौर पर तेहरान के ट्रैफिक कैमरों और संचार नेटवर्क पर नजर रखी। दावा है कि कैमरों से जुटाए गए डेटा को एन्क्रिप्ट कर सर्वरों तक पहुंचाया जाता था, जिससे अधिकारियों की गतिविधियों का विश्लेषण किया जा सके। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया है कि सीआइए ने इस अभियान में तकनीकी सहयोग दिया। 'पैटर्न ऑफ लाइफ' नामक विश्लेषण पद्धति के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों की आवाजाही, सुरक्षा तंत्र और बैठकों के समय का आकलन किया गया। हालांकि इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है.

ईरान की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह घटना सत्य है, तो इससे पश्चिम एशिया में तनाव और गहरा सकता है। इजराइली सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि टारगेटिंग इंटेलिजेंस इस तरह के अभियानों में निर्णायक भूमिका निभाती है. वहीं, खामेनेई पहले भी सार्वजनिक रूप से कह चुके थे कि उनकी मौत से राजनीतिक संघर्ष खत्म नहीं होगा। इस घटनाक्रम ने क्षेत्रीय सुरक्षा, खुफिया युद्ध और साइबर निगरानी की भूमिका को लेकर नए सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल, हालात पर वैश्विक समुदाय की नजर बनी हुई है.

### भारत ने तेज की हवाई सुरक्षा तैयारी

**नई दिल्ली.** मिडिल ईस्ट में ईरान और इजरायल के बीच जारी तनाव ने भारत को अपनी हवाई सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है। भारत ने रूस से अतिरिक्त एस-400 सुदर्शन एयर डिफेंस सिस्टम स्क्वॉड्रन लेने की योजना बनाई है. इसके अलावा फ्रांस और इजरायल से दूरी की क्रूज मिसाइल, मेटियोर एयर-टू-एयर मिसाइल और बराक-8 सिस्टम की खरीद पर भी विचार किया जा रहा है। भारत की यह तैयारी हालिया ऑपरेशन और वैश्विक घटनाओं से प्रेरित है। मई 2025 में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के दौरान ऑपरेशन सिंदूर में एस -400 ने कई पाकिस्तानी विमानों और ड्रोन को मार गिराया था.



### ईरान युद्ध पाकिस्तान के खिलाफ साजिश : आसिफ

**इस्लामाबाद।** ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले बाद शुरू हुए युद्ध से पाकिस्तान घबराया हुआ है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ ने चेतावनी दी है कि ईरान से जुड़े युद्ध का असर पाकिस्तान तक हो सकता है। उन्होंने ईरान युद्ध को जायोनिज्म (यहूदीवाद) एजेंडा बताया, जिसका मकसद इजरायली असर को पाकिस्तान की सीमाओं तक ब?ाना है। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ दुश्मनों का एक घेरा पैदा हो रहा है, जिसमें अफगानिस्तान, ईरान और भारत शामिल हैं। आसिफ ने इस समीकरण को पाकिस्तान की सुरक्षा के लिए खतरा बताया। इस दौरान पाकिस्तानी रक्षा मंत्री परमाणु बम का राग छे?ना नहीं भूले।

# जंग की वजह से भारत में बढ़ा विमानों का किराया

**नई दिल्ली, 03 मार्च. लंदन से मुंबई के लिए यूरोपियन एयरलाइन्स की डायरेक्ट फ्लाइट में एकतरफा इकॉनमी क्लास का किराया लगभग 2.9 लाख रुपये हो गया, जबकि उसी फ्लाइट में बिजनेस क्लास का किराया चौंका देने वाला 9 लाख रुपये हो गया.**

ऐसा यूएस-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से हुआ, जिसने पूरे गल्फ रीजन को अपनी चपेट में ले लिया है। आम तौर पर दोनों शहरों के बीच एक तरफ का इकॉनमी किराया 20,000 रुपये से 40,000 रुपये होता है, जबकि बिजनेस क्लास का किराया 1.2 लाख रुपये से 2.5 लाख रुपये होता है। एयर इंडिया और इंडिगो ने भी किराए में भारी ब?ोतरी के साथ कुछ फ्लाइट्स चलाईं। एयरलाइंस ने कहा कि किराए में ब?ोतरी कुछ हद तक इसलिए हुई क्योंकि उन्हें गल्फ सेक्टर को बाइपास करने के लिए लंबे रूट लेने प? लेकिन ज्यादातर डिमांड-सप्लाई के अंतर की वजह से हुई.



### पाक से एक और युद्ध की तैयारी कर रहा भारत

इस्लामाबाद. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भारत पर एक और लड़ाई की तैयारी करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही भारत की सिंधु जल संधि पर रोक को हाइड्रो-टेररिज्म बताया। जरदारी ने कहा, भारतीय नेता कहते हैं कि वे एक और जंग की तैयारी कर रहे हैं। इलाके में शांति के हमेशा से सपोर्टर रहे होने के नाते मैं इसकी सलाह नहीं दूंगा। जरदारी ने कहा इस्लामाबाद बातचीत के लिए तैयार है। मेरा भारत के लिए संदेश है कि वे जंग के मैदान से हटकर मतलब वाली बातचीत की टेबल पर आएं, क्योंकि इलाके की सुरक्षा के लिए यही एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के लोगों को डिप्लोमैटिक और मोरल सपोर्ट देना जारी रखेगा। पाक राष्ट्रपति ने कहा, जब तक कश्मीर का मुद्दा हल नहीं हो जाता, साउथ एशिया में शांति बने रहना मुश्किल है। जरदारी ने यूनाइटेड नेशंस की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें अफगानिस्तान में आतंकी समुदायों की मौजूदगी के बारे में चेतावनी दी गई थी.

### खामेनेई की हत्या पर सरकार की चुप्पी खलती है : सोनिया गांधी



यूएस-इजरायल और ईरान महा युद्ध के बीच देश का विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। संभवतः यह पहला अवसर है जब विश्व स्तर पर हो रही इतनी बड़ी उठापटक के बीच विपक्ष सरकार के साथ ख?ा नजर नहीं आ रहा है। हाल में संपन्न हुई पीएम मोदी की इजरायल यात्रा और दोनों देशों के बीच संबंधों का जिक्र और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की प्रशंसा को विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधते का आधार बनाया है.

### खामेनेई की मौत पर पीएम मोदी को स्पष्ट बोलना चाहिए : राहुल गांधी



**नई दिल्ली.** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि ईरान में लगातार गंभीर हो रहे हालात और उसके सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई की मौत लक्ष्य कर की गई हत्या है और हालात को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर अपनी स्पष्ट राय व्यक्त करनी चाहिए। वहीं सोनिया गांधी ने पत्र के जरिए सरकार को घेरा है.

# केजरीवाल ने दिल्ली की समस्याओं पर लिखा पत्र

## प्रदूषण, टूटी सड़कें, कूड़ा और दवाइयों की कमी को लेकर सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 03 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण, टूटी सड़कें, कूड़ा और अस्पतालों में दवाइयों की कमी को लेकर सरकार से सवाल उठाए हैं.**

उन्होंने इस मुद्दे को लेकर दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को पत्र लिखा है। पत्र को केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। केजरीवाल ने पत्र में लिखा कि दिल्ली प्रदूषण से जूझ रही है, सड़कें टूटी पड़ी हैं और हर जगह कूड़े के ढेर हैं। अस्पतालों में आवश्यक दवाइयाँ उपलब्ध नहीं हैं।



विधानसभा ने फांसी घर से जुड़े प्रश्नों पर उपस्थित होने के लिए बुलाया है। उन्होंने विशेषाधिकार समिति को सूचित किया कि वे 6 मार्च को बुलावे के अनुसार उपस्थित होंगे। पत्र में उन्होंने पारदर्शिता के महत्व पर जोर देते हुए समिति से कार्यवाही का सीधा प्रसारण करने का अनुरोध भी किया। दिल्ली के नागरिकों तक जानकारी पहुंचाने और शासन में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में विशेषज्ञों का कहना है कि यह पत्र आप के लिए राजनीतिक संदेश भी है. जिसमें राजधानी की मौजूदा समस्याओं को उजागर कर आम जनता की समस्याओं पर सरकार की जवाबदेही पर ध्यान आकर्षित किया गया है.

### हाथरस में बस और कार की भिड़ंत में 6 की मौत

**हाथरस, 03 मार्च.** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में छह लोगों की जान चली गई. सात अन्य घायल हो गए. डबल डेकर बस ने आगे चल रही कार को पीछे से टक्कर मार दी.

सभी मृतक राजस्थान के धौलपुर जिले के बताए जा रहे हैं. होली मनाने घर जा रहे थे. हाथरस जिले में यमुना एक्सप्रेस वे पर मंगलवार सुबह करीब 4.15 बजे यमुना एक्सप्रेसवे पर माइलस्टोन 141 के पास यह हादसा हुआ. एक निजी डबल डेकर बस दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी. जबकि कार दिल्ली से धौलपुर के राजाखेड़ा की ओर बढ़ रही थी. कार में कुल 13 लोग सवार थे.



## सोनिया के लेख पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे का पलटवार

बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के हालिया लेख पर पलटवार किया है। निशिकांत दुबे ने खामेनेई की 6 अगस्त 2013 की पुरानी पोस्ट का स्क्रीनशॉट साझा करते हुए लिखा,लिखना तो बनता है। इस पोस्ट में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ने लिखा था कि नेहरू की ओर लिखी गई किताब का अध्ययन करने से उन्हें यह अहसास हुआ कि उपनिवेशीकरण से पहले भारत ने कितनी महत्वपूर्ण प्रगति की थी। निशिकांत दुबे ने इसे अपने संदेश में उद्धृत कर सोनिया गांधी के लेख पर तंज कसा। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यह पलटवार आम रणनीति का हिस्सा है, जिसमें विपक्षी नेता के तर्क या दृष्टिकोण को चुनौती दी जाती है और सोशल मीडिया पर तेजी से फैलने वाले संदेश से राजनीतिक अंक हासिल किए जाते हैं.

### एक नजर में




#### हरिद्वार में अमित शाह के दौरे की तैयारी तेज

**हरिद्वार.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 7 मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं बैरागी कैंप मैदान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने मंच, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और प्रदर्शनी स्थल का बारीकी से जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम में आने वाले हजारों कार्यकर्ताओं और नागरिकों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं.

#### नौसेना को मिलेंगी स्वदेशी ईंधन आपूर्ति नौकाएं

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना को जल्द ही 4 विशेष ईंधन आपूर्ति नौकाएं मिलेंगी, जिनका निर्माण स्वदेश में किया जाएगा. 500 टन क्षमता से लैस ये स्वचालित ईंधन आपूर्ति नौकाएं बड़े युद्धपोतों और पनडुब्बियों को सीधे ईंधन उपलब्ध कराने में सक्षम होंगी, जिससे नौसेना की परिचालन क्षमता और तत्परता में वृद्धि होगी. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन नौकाओं के निर्माण के लिए महाराष्ट्र के ठाणे स्थित सॉफ्ट शिपयार्ड लिमिटेड के साथ अनुबंध किया है. यह एक निजी जहाज निर्माण कंपनी है. यहां निर्मित आधुनिक नौकाएं बंदरगाह या लंगर डाले खड़े युद्धपोतों और पनडुब्बियों तक सीधे ईंधन पहुंचाएंगी. इससे बड़े जहाजों को अलग से ईंधन भरवाने की आवश्यकता नहीं होगी और उनका समय बचेगा.

#### पर्यावरण संरक्षण के लिए मिलकर काम करें : यादव



**नई दिल्ली, 03 मार्च.** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने वन्यजीवों के संरक्षण को पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि पृथ्वी का संरक्षण सबकी जिम्मेदारी है और इसके लिए सबको मिलकर निरंतर काम करने की जरूरत है। श्री यादव ने विश्व वन्यजीव दिवस पर मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में इस दिवस को पृथ्वी की अद्भुत जैव विविधता का उत्सव बताया और कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण न केवल पारिस्थितिकी संतुलन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह एक साझा जिम्मेदारी भी है जिसके लिए सभी के लगातार प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी समृद्ध पारिस्थितिकी को खतरे में डालने वाले सभी खतरों के प्रति सचेत है.

#### बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर दीं शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली, 03 मार्च.** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री बिरला ने मंगलवार को अपने संदेश में कहा,रंग, उमंग और आपसी सद्भाव के पर्व होली की सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ। रंगों का यह त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति, परंपरा और सामाजिक भाईचारे की जीवंत अभिव्यक्ति है। होली हमें याद दिलाती है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, प्रेम, विश्वास और सकारात्मकता के रंग हर अंधकार को दूर कर सकते हैं। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो हम भेदभाव की दीवारों को तोड़कर समानता और एकता का संदेश देते हैं। यही हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। श्री बिरला ने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है लेकिन होली का उत्सव हमें एकता और बंधुता के सूत्र में बाँधता है। आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि हम अपने समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव के रंग भरेंगे.

# विशेषाधिकार समिति पुनर्गठित, रवि शंकर बने अध्यक्ष

## बृजमोहन अग्रवाल, तारिक अनवर भी किए नियुक्त

▶ समाजवादी पार्टी सहित कई दलों के कुल 15 सदस्य नामित

**नयी दिल्ली, 03 मार्च. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की विशेषाधिकार समिति का पुनर्गठन कर वरिष्ठ सदस्य रवि शंकर प्रसाद को इसका अध्यक्ष नियुक्त किया है.**

आधिकारिक सूचना के अनुसार समिति में भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, शिव सेना तथा समाजवादी पार्टी सहित कई दलों के कुल 15 सदस्य नामित किये गये हैं। यह लोकसभा



की स्थायी संसदीय समिति होती है जिनके सभी 15 सदस्यों को लोकसभा अध्यक्ष नामित करते हैं। समिति सदन और उसके सदस्यों के विशेषाधिकारों के उल्लंघन या अवमानना के मामलों की जांच करती है।

सूचना के अनुसार श्री प्रसाद की अध्यक्षता में पुनर्गठित इस समिति के अन्य सदस्यों में बृजमोहन अग्रवाल, तारिक अनवर, मनिकम टैगोर बी., टी.आर. बालू, कल्याण बनर्जी, श्रीरंग अप्पा चंदू बारणे, रामवीर सिंह बिधूड़ी, संगीता कुमारी सिंह देव, जगदंबिका पाल, त्रिवेन्द्र सिंह रावत, अरविन्द गणपत सावंत, जगदीश शेट्टर, मनीष तिवारी और धर्मेंद्र यादव शामिल हैं।

### आज का इतिहास

1788- कलकत्ता गजट का प्रकाशन शुरू। मौजूदा समय में इसे गजट ऑफ गवर्नमेंट ऑफ वेस्ट बंगाल के नाम से जाना जाता है।

1858- ब्रिटिश अधिकारी जे पी वॉकर तकरीबन 200 कैदियों को लेकर कलकत्ता से अंडमान और निकोबार के लिए रवाना। इन लोगों में ज्यादातर 1857 के विद्रोह के आरोपी थे।

1879 - लड़कियों को उच्च शिक्षा देने के लिए कलकत्ता में बेथुन कॉलेज की स्थापना।

# केरल और तमिलनाडु में परिसीमन को मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

**नई दिल्ली, 03 मार्च. केरल और तमिलनाडु में जल्द चुनाव होने वाले हैं। अब राज्य में सियासी हलचल तेज हो रही है। इसी बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश भाजपा को निशाना बनाया.**

उन्होंने परिसीमन के मुद्दे को चर्चा के लिए सामने रखा है। उन्होंने तर्क दिया कि दक्षिणी राज्यों, जो प्रभावी रूप से अपनी आबादी को नियंत्रित करते हैं। उनकोकम संसदीय सीटों के साथ दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने पीटीआई को दिए एक साक्षात्कार में केंद्रीय निधियों के वितरण में भेदभाव का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधित्व और वित्तीय न्याय दोनों ही आगामी केरल और तमिलनाडु चुनावों में भाजपा को घेरने के लिए उठाए जाने वाले प्रमुख मुद्दे होंगे। जब उनसे पूछा गया कि क्या केरल और तमिलनाडु में परिसीमन चुनाव प्रचार का मुद्दा बनने जा रहा है। तब उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ब?ा मुद्दा है। वर्तमान स्थिति के अनुसार, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में सीटों की संख्या में कमी आएगी। यह चिंता का विषय है। अभी यह कोई मुद्दा नहीं है.

# राज्यसभा चुनाव के लिए नितिन नवीन समेत 9 उम्मीदवारों के नाम घोषित

**नई दिल्ली, 03 मार्च. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को राज्यसभा के नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की. इस सूची में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भी नाम है.**

उन्हें बिहार से उम्मीदवार बनाया गया है. भाजपा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय चुनाव समिति ने विभिन्न प्रदेशों में होने वाले राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव के लिए कई नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें बिहार से नितिन नवीन और शिवेश कुमार उम्मीदवार बनाए गए हैं. भाजपा ने असम से तेराश गोवाला और जोगेन मोहन को उम्मीदवार बनाया गया है. छत्तीसगढ़ से लक्ष्मी वर्मा, हरियाणा से संजय भाटिया, ओडिशा से मनमोहन सामल और सुजीत कुमार को उम्मीदवार बनाया गया है. पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा को उम्मीदवार बनाया गया है.

### ईडी ने 33 .3 करोड़ के वजीफा घोटाला में आरोप पत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली.** प्रवर्तन निदेशालय ने महादेवप्पा रामपुरे मेडिकल कॉलेज , कलबुर्गी में 2018 और 2024 के बीच हुए वजीफा घोटाले के संबंध में भीमाशंकर बिलगुंडी और मल्लन्ना एस मद्दारकी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है. ईडी ने यह जांच कर्नाटक के कलबुर्गी सिटी सीईएन अपराध थाना द्वारा डॉ. एसएम पाटिल, सुभाष और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की थी.

# क्लिंटन दंपति से पूछताछ का वीडियो जारी

### एपस्टीन मामले में बोले- हम पूरी तरह से बेकसूर

**वॉशिंगटन, 03 मार्च. अमेरिका की एक हाउस कमेटी ने पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के बयान के वीडियो सार्वजनिक कर दिए हैं.**

यह बयान कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन से जुड़े मामले में लिए गए थे। एपस्टीन पर नाबालिग लड़कियों के शोषण के



गंभीर आरोप थे। कमेटी ने पिछले हफ्ते दो दिनों तक चली लंबी पूछताछ की रिकॉर्डिंग जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेताओं से घंटों तक शपथ लेकर सवाल-जवाब किए गए। बिल क्लिंटन ने कहा कि उन्होंने एपस्टीन से अपना संबंध कई साल पहले ही खत्म कर लिया था, और यह सब 2008 में एपस्टीन के नाबालिग लड़की से देह व्यापार के मामले में दोषी ठहराए जाने से पहले की बात है। क्लिंटन ने समिति को बताया कि उन्होंने एपस्टीन से संबंध वर्षों पहले ही खत्म कर लिए थे, यानी 2008 में जब एपस्टीन ने नाबालिग लड़की से देह व्यापार कराने के मामले में दोष स्वीकार किया, उससे पहले ही।

आरोप ▶ इस्लामाबाद बातचीत के लिए तैयार है : जरदारी

# पाक से एक और युद्ध की तैयारी कर रहा भारत

**इस्लामाबाद, 03 मार्च. पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संसद में भारत के खिलाफ बयान दिया. भारत पर एक और लड़ाई की तैयारी करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही भारत की सिंधु जल संधि पर रोक को हाइड्रो-टेररिज्म बताया.**

जरदारी ने कहा ने कहा कि भारतीय नेता कहते हैं कि वे एक और जंग की तैयारी कर रहे हैं। इलाके में शांति के हमेशा से सपोर्टर रहे होने के नाते मैं इसकी सलाह नहीं दूंगा। पाकिस्तान के



राष्ट्रपति जरदारी ने आगे कहा, इस्लामाबाद बातचीत के लिए तैयार है। मेरा भारत के लिए मैसेज है कि वे जंग के मैदान से हटकर मतलब वाली बातचीत की टेबल पर आएं, क्योंकि इलाके की सिक्योरिटी के लिए यही एकमात्र रास्ता है। जरदारी ने आगे कहा, पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के लोगों को डिप्लोमैटिक और मोरल सपोर्ट देना जारी रखेगा। पाक राष्ट्रपति ने कहा, जब तक कश्मीर का मुद्दा हल नहीं हो जाता, साउथ एशिया में शांति बने रहना मुश्किल है। जरदारी ने सिंधु जल संधि पर भारत के रोक के फैसले की आलोचना की। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने इसे हाइड्रो-टेररिज्म बताया। जरदारी ने भारत के इस फैसले को पॉलिटिकल फायदे के लिए पानी के बहाव को हथियार बनाने का आरोप लगाया.

### अफगानिस्तान से जंग पर बोले राष्ट्रपति

जरदारी ने यूनाइटेड नेशंस की एक रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें अफगानिस्तान में आतंकी समुदायों की मौजूदगी के बारे में चेतावनी दी गई थी। पाक राष्ट्रपति ने कहा, यह रिपोर्ट चेतावनी देती है कि अगर इस मुद्दे को नजरअंदाज किया गया जरदारी ने बताया, पाकिस्तान ने बॉर्डर पार से आतंकी गतिविधियों पर मिलिट्री तनाव को रोकने के लिए डिप्लोमैटिक तरीकों का इस्तेमाल किया है.

# दिल्ली में 17 .1 लाख के शेयर निवेश घोटाले में 4 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 03 मार्च. दिल्ली पुलिस ने व्हाट्सएप ग्रूप के जरिए शेयर बाजार में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करके एक किराना दुकान के मालिक से 17.1 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है.**

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (उत्तर-पश्चिम) भीष्म सिंह ने बताया कि जिले के साइबर पुलिस स्टेशन ने एक संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो पीड़ितों को शेयर बाजार में निवेश पर उच्च लाभ का लालच देकर फंसाता था। उन्होंने कहा-आरोपी एक संगठित साइबर धोखाधड़ी गिरोह का हिस्सा है। उन्होंने धोखाधड़ी से प्राप्त राशि को जमा करने के लिए फर्जी बैंक खाते बनाए और बाद में धन के लेन-देन को छिपाने के लिए गेमिंग एप्लिकेशन और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से धनराशि निकाल ली। अन्य लाभार्थियों और सहयोगियों की पहचान के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, यह मामला तब सामने आया जब शालीमार बाग के एक किराना दुकान मालिक ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था.